HGH INDIA® 2022

HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE

December 13-16, 2022

Bombay Exhibition Center, Mumbai

NEWS 1

A TEXZONE Event

www.hghindia.com

Where business feels at home!

# मुंबई में आपका स्वागत है!

स्प्रिंग/समर सीजन के लिए एचजीएच इंडिया कई नए एग्जिबिटर्स, नए प्रोडक्ट्स और एग्जिबिटर्स और विजिटर्स के लिए बिज़नस के नए अवसरों के साथ मुंबई में वापस आ गया है...



तीन साल के अंतराल के बाद मुंबई में अपनी वापसी के साथ, एचजीएच इंडिया का १२वाँ एडिशन १३-१६ दिसंबर, २०२२ को बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर, गोरेगांव में निर्धारित किया गया है, जो समझिए कि हाल ही में समाप्त हुए रोमांचक दिवाली रिटेल सीजन का एक एक्सटेंशन है। होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, होम फर्नीचर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स जैसे होम प्रोडक्ट्स केटेगरी के रिटेलर्स ने एक बार फिर इस आगामी



एचजीएच इंडिया २०२२ में सोर्सिंग के लिए अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है, जो तीन साल के अंतराल के बाद मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इनमें से अधिकतर रिटेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने हाल ही में समाप्त दिवाली सीजन के दौरान विशेष रूप से बढ़ियाँ क्वालिटी, प्रीमियम रेंज में अच्छा सेल किया है इसलिए इन्हें स्प्रिंग/समर सीजन २०२३ के कंज्यूमर डिमांड को पूरा करने के लिए अपने स्टॉक को फिर से भरने की जरूरत है।

पूरे भारत और ३० अन्य देशों से एक्जीबिट होने वाले ४०० ब्रांडों और निर्माताओं के बीच १०० से अधिक नए एग्जिबिटर्स के साथ, एचजीएच इंडिया २०२२ स्प्रिंग/समर एडिशन कई नए प्रोडक्ट्स तथा होम टेक्सटाइल, होम डेकोर, होम फर्नीचर, हाउसवेयर और गिफ्ट्स केटेगरी में नए सप्लायर्स सामने लाने के लिए तैयार है।

इस ट्रेड शो का आगामी १२वाँ एडिशन मार्केट सीनेरियो में ट्रेड के खरीदारों की प्रतिस्पर्धी स्ट्रेटेजी को गति प्रदान करेगा जहाँ होम प्रोडक्ट्स की कंज्यूमर डिमांड प्रति वर्ष २०% की दर से बढ़ रही है इसके बावजूद, हाई फ्रीक्वेंसी पर इनोवेशन की पेशकश के बिना, ब्रांड, निर्माता और रिटेलर्स –ऑनलाइन या ऑफलाइन– अपने बिज़नस में टिके रहना मुश्किल पाते हैं।

महामारी के बाद की अवधि में पहली बार मुंबई लौटकर, एचजीएच इंडिया पूरे भारत के ५६० से अधिक शहरों और कस्बों के हजारों रिटेलर्स के लिए कई इनोवेशन को पेश करने के लिए तैयार है।

इनमें पहला प्रमुख नाम है इटालियन ट्रेड एजेंसी (आईटीए) का जिनके तत्वावधान में पहली बार इटालियन पवेलियन में १० एग्जिबिटर्स खुद वहाँ उपस्थित रहेंगे, जो उनके होम फर्नीचर, इंटीरियर कॉन्सेप्ट्स और डेकोरेटिव एक्सेसरीज की अच्छी तरह से डिजाइन की गई रेंज का एक्जीबिशन करेंगे। उनका प्राथमिक उद्देश्य डिस्ट्रीब्यूटर्स, ब्रांड प्रतिनिधियों, फ्रेंचाइजी, इम्पोर्टर्स, आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिजाइनरों के रूप में भारत में उन पार्टनर्स की पहचान करना है जिनके साथ वे लंबे समय तक अपना बिज़नस कर सकें।

इनमें से अधिकतर अग्रणी रिटेलर्स ने हाल ही में समाप्त दिवाली सीजन २०२२ के दौरान होम प्रोडक्ट्स केटेगरी में बहुत अच्छा सेल किया है, इसलिए वह अब अपने स्टॉक को फिर से भरने और २०२३ के स्प्रिंग/समर के लिए अपने स्टोर में नया कलेक्शन रखने की तैयारी कर रहे हैं।

### होम टेक्सटाइल्स और फर्निशिंग

हॉल १ में स्थित एचजीएच इंडिया में होम टेक्सटाइल्स और फर्निशिंग फैब्रिक्स एक बार फिर सबसे महत्वपूर्ण केटेगरी में से एक होंगे। एग्जिबिटर्स पूरे भारत से अच्छी तरह से स्थापित ब्रांडों, निर्यातकों, निर्माताओं और नए एंट्रेंट्स का अनूठा मिश्रण होंगे, जो




फर्निशिंग फैब्रिक्स, बेड एंड बाथ, डेकोरेटिव मेड-अप जैसे कुशन कवर, कर्टेन और थ्रो, बाथ मैट और रग्ज, कार्पेट और ड्यूरी की एक विस्तृत रेंज की पेशकश करेंगे।

कुछ प्रमुख एग्जिबिटर्स हैं मास्पर, पैन ओवरसीज, गौविन्स, शारदा टेरी (माइक्रो कॉटन), कृष्णा कोटेक्स (बोनहेउर), के.जी. डेनिम, माइक्रोफाइबर (तुर्की), असदीप, होम फैब्रिक्स, होम स्टोरी, देवतारा (शयन), लकासा, लिबर्टी इंडिया (एनर्या), डॉक्टर टॉवेल्स, प्लूची, भैरवनाथ (कोर्टिना), भिक्षु फैब्रिक्स, एलिगेंट वीवर्स, बालविग्ना और कई अन्य।

### गलीचा और कालीन

घरों को सजाने में स्टाइल और डिटेलिंग पर अधिक ध्यान देने के साथ, हस्तनिर्मित और मशीन से बने गलीचे और कालीनों की कंज्यूमर डिमांड २०% प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है। रिटेलर्स अब इस केटेगरी में ज्यादा जगह ले रहे हैं। भदोही, मिर्जापुर, वाराणसी,




आगरा, पानीपत, जयपुर और दिल्ली जैसे प्रमुख उत्पादन केंद्रों के निर्माता मॉडर्न और पारंपरिक कालीनों की अपनी लेटेस्ट रेंज एक्जीबिट करेंगे।

इस केटेगरी के कुछ प्रमुख एक्जीबिटर्स कालीन, शम्शी एक्सपोर्ट्स, एशियन रग मार्ट, एलिगेंट वीवर्स, मास्पर, पैन ओवरसीज, एनर्या (लिबर्टी), रग्ज एंड होम, एस. नाथ टेक्स, ए.सी. कॉन्सेप्ट्स, होम फ्लोर और अनिल कुमार हैंडलूम हाउस होंगे।

## डेकोरेटिव फ्लोरिंग

जब से मॉडर्न टेक्नोलॉजी और मैटेरियल्स का आगमन हुआ है, तब से हाल के वर्षों में डेकोरेटिव फ्लोरिंग में कई नए प्रोडक्ट पेश किए गए हैं। एचजीएच इंडिया वुडन फ्लोरिंग, लैमिनेटेड फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोर, आर्टिफिशियल ग्रास, कार्पेट टाइल्स, विनाइल फ्लोर आदि जैसे मॉडर्न फ्लोर कवरिंग की एक बहुत बड़ी रेंज एक्जीबिट करेगा।

आप एचजीएच इंडिया में ग्रीनलैम (भारत) और ली एंड प्रा एस.पी.ए. (इटली) की वुडेन और लैमिनेटेड फ़्लोरिंग पा सकते हैं। एटीएम एंटरप्राइजेज अपने खुद के ब्रांड नाम, डिजाइनर फ्लोरिंग के तहत विभिन्न प्रकार के इंपोर्टेड वुडन और लैमिनेटेड और फ्लोरिंग का एक्जीबिशन करेंगे। मैट फोर और कॉयर क्राफ्ट कॉयर से बने डोर


ली एंड प्रा स्पा

मैट दिखाएँगे।

कैनेडियन स्पेशलिटी विनील, सपना, साहिल, इलान, फाइन सर्फेस, एचवीटी इंटीरियर्स, कम्फर्ट मैट्स, एलेन, एटर्फ, एम्प्रेस यूनिवर्स, नॉवेल्टी विभिन्न प्रकार के सिंथेटिक फ्लोरिंग जैसे पीवीसी, टर्फ, सिंथेटिक टाइल्स आदि का एक्जीबिशन करेंगे।

## वॉल्स एंड विंडोज

एचजीएच इंडिया ने वॉल्स एंड विंडोज को पहली बार विशेष फोकस में लाया है ताकि रिटेलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर इस महत्वपूर्ण होम डेकोर केटेगरी में आने वाले मटेरियल्स, डिजाइन, टेक्नोलॉजी और बाजार के ट्रेंड्स को समझ सकें, जहाँ मांग प्रति वर्ष १५-२०% के बीच बढ़ती रहती है। दीवारों और खिड़कियों में कर्टेन्स और वॉल डेकोर के लिए फर्निशिंग फैब्रिक्स, ब्लाइंड्स, वॉलपेपर, डेकोरेटिव कर्टेन रॉड्स और दीवारों और खिड़कियों के लिए डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स शामिल होंगे।

ये तीन केटेगरी एक साथ चलती हैं और इसलिए वॉलपेपर, पर्दे या ब्लाइंड्स में से किसी एक में मौजूद अधिकांश ब्रांड अन्य दो को तेजी से लॉन्च कर रहे हैं। वियन्टो, नोवा, जी.डी. गुप्ता, मार्शल्स, एस.सी. शेठ, डी-वॉल, मुंशी एंटरप्राइज, एक्ज़िमस, क्रिएटिव डेकोर इस केटेगरी में एक्जीबिट होने वाले महत्वपूर्ण ब्रांडों में से हैं।

एचजीएच इंडिया द्वारा प्रायोजित वॉल्स एंड विंडोज पर एक विशेष थीम पैवेलियन भी होगा, जो विजिटर्स को आगामी मटेरियल्स और डिजाइन के ट्रेंड्स के बारे में जानकारी देगा।

## टेबलवेयर

टेबलवेयर सेगमेंट में पहले से कहीं ज्यादा डिजाइन और मटेरियल्स इनोवेशन देखने को मिल रहा है। स्टेनलेस स्टील से लेकर सिरेमिक, बोन चाइना, ग्लास, ओपलवेयर, मेलामाइन, वुड तक... एचजीएच इंडिया के एक्जीबिटर्स डिनरवेयर, सर्ववेयर, कॉकटेल और बार एक्सेसरीज, ग्लासवेयर, कटलरी, प्लैटर, टेबल लिनन, प्लेसमैट्स



और टेबल डेकोरेशन की बहुत बड़ी रेंज पेश करेंगे। लग्जरी, प्रीमियम, वैल्यू से लेकर मास तक बाजार के सभी सेगमेंट के लिए अलग-अलग क्वालिटी और प्राइस प्वाइंट पर प्रोडक्ट उपलब्ध होंगे। नोरिटेक, ड्यूरालेक्स, डंकटुवा, रोक्स, ल्यूमिनार्क, एडब्ल्यूके, संजीव कपूर, शेप्स, राजलक्ष्मी, डीसी सेरामिक्स, सुपरवेयर, जगदंबा ग्लास, अपार, श्री एंड सैम, नैचुरलीआर्स, मैक्स फ्रेश, स्टीहलेन जैसे ब्रांड अपनी लेटेस्ट रेंज का एक्जीबिशन करेंगे।

## स्टोरेज और प्लास्टिक

ग्राहक स्टोरेज और प्लास्टिक की केटेगरी में डिजाइन, कार्यक्षमता और लाइफस्टाइल के मिश्रण की तलाश करते हैं, जिसपर पहले रिटेलर्स और निर्माताओं ज्यादा ध्यान नहीं देते थे जिसके चलते इन्हें केवल एक बुनियादी आवश्यकता माना जाता था। चूंकि मांग पैटर्न तेजी से ब्रांडेड और प्रीमियम प्रोडक्ट्स में बदल जाता है, इसलिए आशा है कि इस केटेगरी में डिजाइन और मटेरियल्स में कई इनोवेशन होंगे।

एक्जीबिशन में प्लास्टिक स्टोरेज आइटम, लंच बॉक्स, इंसुलेटेड बोतलें, स्टील की बोतलें, कैसरोल, फ्लास्क, ऑर्गनाइज़र, लॉन्ड्री बैग, कंटेनर, जनरल स्टोरेज और हाउसवेयर प्रोडक्ट शामिल होंगे। नैनोबॉट, फाल्कन, नियो प्लास्ट, लेवैंटो और स्टीलो जैसे रेगुलर एक्जीबिटर्स अपने नए कलेक्शन पेश करेंगे। इसके अलावा, एचजीएच इंडिया के इस एडिशन में पहली बार आने वाले कई एक्जीबिटर्स नए प्रोडक्ट आइडियाज के मामले में खरीदारों के लिए उच्च संभावना रखते हैं। स्टोरेज और प्लास्टिक केटेगरी में पहली बार एक्जीबिट होने वाले कुछ एक्जीबिटर्स में मोडवेयर, वी-बॉट, टाइगर, तिस्ताबेने, हार्बर ट्रेंड्स, एट्रो, लोफा, बासिक और लुफ्रॉन शामिल हैं।

## कुकवेयर और किचन के एप्लायंसेज

कई अच्छी तरह से स्थापित अंतरराष्ट्रीय और भारतीय ब्रांड, जिनमें से कई एचजीएच इंडिया में पहली बार एक्जीबिट करेंगे, डिजाइन, बेहतर प्रोडक्ट सुविधाओं और सभी मूल्य खंडों में हाई क्वालिटी में अपने इनोवेशन को पेश करेंगे। रिटेलर्स और क्षेत्रीय डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए, इन क्षेत्रों में अग्रणी कंपनियों में सीनियर डिसिशन मेकर्स के साथ बातचीत करने का यह एक उपयुक्त अवसर होगा। एक्जीबिटर्स


यू-कुक

युवा भारतीय कंज्यूमर्स की लाइफस्टाइल के अनुकूल पर्यावरण के अनुकूल, ऊर्जा की बचत और स्वस्थ खाना पकाने के समाधान पेश करेंगे। कुकवेयर और रसोई के एप्लायंसेज में इनोवेशन के एलेमेंट्स के अलावा लेटेस्ट तकनीक, फैशन रंग, सुरक्षित सामग्री, स्मार्ट संचालन और सुविधा देखने को मिलेगी जो एनवायरनमेंट फ्रेंडली होंगे। सोलर कुकर, चमकीले रंग के फूड प्रोसेसर, न्यूट्रिएंट सेफ जूसर और स्वास्थ्य-सुरक्षित कोटिंग वाले कुकवेयर की पेशकश करने के लिए ब्रांड एक-दूसरे के साथ कम्पीट कर रहे हैं। एचजीएच इंडिया के आगामी १२वें एडिशन में विजिटर्स इनमें से कई प्रोडक्ट्स को देख सकेंगे।

वंडरशेफ, ग्लेन, एल्डा, हॉकिन्स, यू-कुक, यूनाइटेड एकता, नोल्टा, रोक्स, एमपी (चशिश), रोका, विकास, राजलक्ष्मी, श्री एंड सैम, जगदंबा जैसे कई प्रमुख ब्रांड कुकवेयर और किचन एप्लायंसेज की अपनी लेटेस्ट रेंज का एक्जीबिशन करेंगे।

## होम डेकोर

होम डेकोर अपनी केटेगरी में मटेरियल्स, डिजाइन, कंज्यूमर वरीयताओं और लाइफस्टाइल में निरंतर परिवर्तन को अपनाना जारी रखे हुए है। यह एक बार फिर एचजीएच इंडिया के आगामी एडिशन में दिखाई देगा।

चूंकि कंज्यूमर घर पर अधिक समय बिताते हैं, इसलिए वे अपने घरों की सजावट को बदलकर अपने रहने के माहौल को लगातार बदलना चाहते हैं, चाहे वह उनकी दीवारें, फर्श, छत या टेबल हों। यह केटेगरी अब उन लोगों के लिए एक शौक बनती जा रही है जो अपने



घरों को नया, सौंदर्य की दृष्टि से सुखद और काम करने लायक कुशल बनाना चाहते हैं। सभी केटेगरी के रिटेलर्स होम डेकोर को एक प्रमुख नए अवसर के रूप में देखते हैं, जहाँ मर्चेंडाइज को अपने स्टोर प्रोफाइल को जल्दी से बदलने और ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए जोड़ा जा सकता है। एचजीएच इंडिया २०२२ में कई नए अंतरराष्ट्रीय प्रोडक्ट पेश होंगे। हैंडीक्राफ्ट्स से लेकर मॉडर्न डेकोरेटिव एक्सेसरीज तक, आर्टिफैक्ट्स से फिगरिन्स, एरोमास, कैंडल्स और फ्रेग्रेन्स, टेबल डेकोरेशन्स से लेकर डेकोरेटिव लाइट्स तक... इनकी रेंज बहुत बड़ी होगी। आईटीए द्वारा आयोजित इटैलियन नेशनल पैवेलियन में कई इटैलियन एक्जीबिटर्स द्वारा भारत में पहली बार डेकोरेटिव ग्लासवेयर, आर्टिफैक्ट्स, फिगरिन्स और डेकोरेटिव एक्सेसरीज की एक बहुत ही लेटेस्ट डिजाइनर रेंज का एक्जीबिशन किया जाएगा। इसके अलावा, वे डिजिटल वॉलपेपर, लैमिनेटेड फ्लोर कवरिंग, कुर्सियाँ और होम फर्नीचर भी एक्जीबिट करेंगे। घरेलू मोर्चे पर, ट्रेड के खरीदार मुरादाबाद, फिरोजाबाद, सहारनपुर, खुर्जा, जयपुर, जोधपुर, आगरा, दिल्ली, रांची, राजकोट और पूरे भारत के कई अन्य उत्पादन केंद्रों से एक बड़ी रेंज का पता लगा सकते हैं। इसके अलावा कई निर्माता और आयातक भारत, चीन, यूरोप, जापान, थाईलैंड, वियतनाम आदि से मॉडर्न डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स, फ्लोरिंग और मटेरियल्स का एक्जीबिशन करेंगे।

भारत का चौथा सबसे बड़ा फर्नीचर और फर्निशिंग सप्लायर

# इटली ९ नए एक्जीबिटर्स के साथ वापस आया

नई दिल्ली में इटैलियन ट्रेड कमीशन एचजीएच इंडिया के १२वें एडिशन में भाग लेने के लिए वापस आ गया है। दिसंबर २०२१ में, जब दुनिया कोविड-१९ के प्रभाव से अभी उबर ही रही थी, ग्रेटर नोएडा में १०वें एचजीएच इंडिया में अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में महामारी के बाद की अवधि में इटली पहला देश था। दिसंबर २०२१ में हमारी भागीदारी, केवल १८ वर्ग मीटर की जगह वाली ६ इटैलियन कंपनियों के कैटलॉग डिस्प्ले के रूप में थी। इस बार हम १३७ वर्ग मीटर के क्षेत्र को कवर कर रहे हैं, जिसमें ९ इटैलियन कंपनियों की भागीदारी के साथ एक इटैलियन नेशनल पैवेलियन है। इसलिए, हम अपनी भागीदारी और खासकर भारतीय बाजार को लेकर बहुत उत्साहित हैं, ऐसा श्री एलेसेंड्रो लिबरेटोरी, ट्रेड कमिशनर / इटैलियन ट्रेड एजेंसी, नई दिल्ली के निदेशक कहते हैं।

एक्जीबिशन करने वाली अधिकांश इटैलियन कंपनियों के लिए यह भारत में उनका पहला अनुभव होगा और वे भारत के बाजार को लेकर बहुत आशान्वित हैं। अपनी पहली भागीदारी के लिए वे भारतीय इम्पोर्टर्स/डिस्ट्रीब्यूटर्स,



**एलेसेंड्रो लिबरेटोरी**

*ट्रेड कमिशनर /इटैलियन ट्रेड एजेंसी के निदेशक – नई दिल्ली, भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका के लिए कोओर्डीनेटर*

रिटेलर्स, इंटीरियर डिजाइनरों और आर्किटेक्ट्स और संभावित व्यापार भागीदारों के साथ संचार शुरू करना चाहते हैं जो भारतीय बाजार में उनका सहयोग कर सकते हैं।

### भारत-इटली व्यापार साझेदारी के अवसर

इटली की कंपनियाँ अपने रिसर्च और इनोवेशन के लिए जानी जाती हैं, और हम जिस समय में रह रहे हैं, उसके साथ हमेशा विकसित होने वाले डिजाइनों को ध्यान में रखते हुए, जिन्हें सबसे हाई टेक्नोलॉजी वाली प्रक्रियाओं के माध्यम से महसूस किया जाता है। 'मेड इन इटली' खूबसूरती, शैली, क्वालिटी, एलेगंस और क्राफ्टमैंनशिप के साथ प्रतिध्वनित होता है, जिनकी इच्छा पूरी तरह से घूम चुके भारतीय कंज्यूमर रखते हैं। डिजाइन में अपनी विशेषज्ञता रखने वालीं इटैलियन कंपनियाँ अपने भारतीय भागीदारों को वह पेशकश कर सकती हैं जो एक भारतीय कंज्यूमर चाहता है। इसलिए, भारतीय रिसेलर्स और इटैलियन निर्माताओं के लिए बहुत कुछ कॉमन ग्राउंड है।

कई वर्षों से, इटली लगातार फर्नीचर और फर्निशिंग्ज के लिए भारत का चौथा सबसे बड़ा सप्लायर रहा है। जनवरी से अगस्त २०२२ की अवधि में, भारत ने पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में २४.७% की वृद्धि के साथ € ४६.५ मिलियन मूल्य का फर्नीचर इम्पोर्ट किया।

महामारी के बावजूद, भारत दुनिया में सबसे लचीली और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है और इटैलियन कंपनियाँ इस तथ्य से अच्छी तरह वाकिफ हैं। ग्लोबल सप्लाई चेन में अनिश्चितताओं के साथ, जब दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में बदलाव की ओर देख रही है, इटली ने अपनी टेक्नोलॉजी विशेषज्ञता के साथ भारत को उत्पादन केंद्र बनाने के अपने दृष्टिकोण में हमेशा भारत सरकार और उद्योग को सहयोग दिया है।

### आईटीए और इसकी भूमिका

इटैलियन ट्रेड एजेंसी सरकारी एजेंसी है जो विदेशों में इटैलियन कंपनियों के व्यापार के विकास में सहयोग देती है और उनके अंतर्राष्ट्रीयकरण में मदद करती है।

एक प्रेरित और मॉडर्न आर्गेनाईजेशन और ६५ देशों में ७९ विदेशी कार्यालयों के व्यापक नेटवर्क के साथ, आईटीए इटैलियन छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों को सूचना, सहायता, परामर्श, प्रचार और प्रशिक्षण प्रदान करता है। सबसे मॉडर्न मल्टी-चैनल प्रचार और संचार उपकरणों का उपयोग करके, यह दुनिया में मेड इन इटली की उत्कृष्टता पर जोर देने का काम करता है।

इसलिए, एचजीएच २०२२ में एक नेशनल पैवेलियन बनाकर अपनी वर्तमान भागीदारी के माध्यम से, यह भारतीय बाजार को 'मेड इन इटली' से परिचित कराने का इरादा रखता है।

इटालियन नैशनल पैवेलियन में भाग लेने वाली इटालियन कंपनियाँ हैं (उल्लेख करते हुए नीचे दी गई कंपनियों के प्रोडक्ट के फोटोज लगाएँ):



ए कासा के.एस.ए.एस.



बुनेल एस.आर.एल. प्रीजियोसी डीकॉर



सेवेन सेडी रिप्रोडक्शन एसआरएल



जानेटी मुरानो एसआरएल



लिम एसआरएल



स्टेटस एसआरएल



सेसरे फेरारी ग्रुप



ली और प्रा स्पा



ग्रासी पीटर एसआरएल

## विजिटर का प्रोफ़ाइल

पूरे भारत के ५०० से अधिक शहरों और कस्बों से हजारों प्री-रजिस्ट्रेशन एचजीएच इंडिया २०२२ में आने के लिए रिटेलर्स और व्यापार खरीदारों के बीच उच्च रुचि को उजागर करते हैं जो बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर, गोरेगांव-पूर्व, मुंबई में द ऑटम/विंटर एडिशन के लिए दिसंबर १३-१६ को होना तय है। इन विजिटर्स के व्यावसायिक प्रोफाइल में रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर, इम्पोर्टर्स, एक्सपोर्टर्स, होलसेलर्स, एजेंट, बड़े फॉर्मेट वाले स्टोर, संस्थागत खरीदार, आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर और अंतरराष्ट्रीय खरीदार शामिल हैं। ९०% विजिटर्स वैसे हैं जो अपने संबंधित संगठनों में सोर्सिंग और व्यवसाय के लिए सीनियर डिसिजन मेकर हैं। उनका उद्देश्य आगामी फेस्टिव सीज़न के लिए सोर्सिंग करना, नए प्रोडक्ट्स की खोज करना, नए बिज़नस आइडियाज प्राप्त करना और २०२२/२३ के लिए आगामी फैशन ट्रेंड्स की पहचान करना और बाज़ार और उद्योग दिशाओं में इनसाइट प्राप्त करना है, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलेगी। एचजीएच इंडिया २२ उनके लिए अपने रेगुलर सप्लायर्स से मिलने के साथ-साथ नए स्रोतों से जुड़ने का भी एक अच्छा अवसर होगा।

इस वर्ष विजिटर्स का रजिस्ट्रेशन भारत के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को कवर कर रहा है। महानगरों और दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद, हैदराबाद, पुणे, नागपुर, लुधियाना, जयपुर, चंडीगढ़ और इंदौर जैसे बड़े शहरों के शीर्ष रिटेलर्स के अलावा, सभी राज्यों की राजधानियों और टियर खख और टियर खखख शहरों और कस्बों से बड़ी नंबर में रिटेलर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जो स्पष्ट रूप से भारतीय घरेलू प्रोडक्ट्स की बढ़ती गहराई और विस्तार को दर्शाता जो देश भर में एचजीएच इंडिया के विजिटर्स को आकर्षित करता है।

२४ देशों से २०० से अधिक अंतरराष्ट्रीय विजिटर्स ने भी रजिस्ट्रेशन कराया है, मुख्य रूप से उभरते बाजार, जिससे एचजीएच इंडिया अपने एक्जीबिटर्स के लिए एक दिलचस्प निर्यात बाजार का अवसर बन गया है।

### एचजीएच इंडिया 2022

**विजिटर्स के लिए समय**

13 दिसंबर : सुबह 09:00 – शाम 06:30 बजे

14 दिसंबर : सुबह 09:00 – शाम 06:30 बजे

15 दिसंबर : सुबह 09:00 – शाम 06:30 बजे

16 दिसंबर : सुबह 09:00 – शाम 05:00 बजे

HGH INDIA 2022
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE

**December 13-16, 2022**
BOMBAY EXHIBITION CENTRE, MUMBAI

## ट्रेड विजिटर्स!

## ५ दिसंबर, २०२२ तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करें
## अभी मुफ्त में प्री-रजिस्टर करें और ₹१,०००/- प्रवेश शुल्क बचाएँ

एचजीएच इंडिया २०२२, १३ से १६ दिसंबर, २०२२ तक नेस्को, मुंबई में निर्धारित है।
५०० से अधिक ब्रांडों और निर्माताओं के अभिनव और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स पर एक नज़र डालें...
२०२२/२३ के लिए पूर्वानुमानित फैशन और लाइफस्टाइल के ट्रेंड्स से प्रेरित। अपने प्रतिस्पर्धियों के करने से पहले उन्हें सोर्स कर लें।

सभी प्री-रजिस्टर्ड विजिटर्स को एचजीएच इंडिया २०२२ में प्री-रजिस्टर्ड विजिटर डेस्क पर जाना चाहिए और अपने क्यूआर कोड को स्कैन करके या एचजीएच इंडिया टीम से एसएमएस और ई-मेल द्वारा प्राप्त रिफरेन्स नंबर दर्ज करके अपना प्रवेश कार्ड निःशुल्क प्रिंट करना चाहिए।

प्री-रजिस्ट्रेशन के बिना कार्यक्रम स्थल पर सीधे आने वाले अन्य सभी विजिटर्स को प्रति विजिटर १,०००/- रुपये का स्पॉट विज़िटर रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा, जिसका भुगतान नकद, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या पेटीएम द्वारा किया जा सकता है।




**होम टेक्सटाइल्स** फर्निशिंग फैब्रिक्स, कर्टेन्स और ब्लाइंड्स, बेड लिनन, डेकोरेटिव मेड-अप्स, मेट्रेसेस और पिलोज, कार्पेट्स, बाथ लिनन, टेबल और किचन लिनन, **होम डेकोर** सीलिंग, दीवारें, खिड़कियाँ, फ्लोर कवरिंग, टेबल टॉप, डेकोरेटिव एक्सेसरीज, लाइफस्टाइल, **होम फर्नीचर** कॉफी टेबल्स, मैगजीन रैक, वॉल सेपरेटर्स, बीन बैग्स, सिंगल चेयर्स, रैक्स एंड ट्रॉलीज, एक्सेंट फर्नीचर, सोफा, बेड सेट, अलमारी, बेबी एंड किड्स फर्नीचर, आउटडोर फर्नीचर, **गिफ्ट** कॉर्पोरेट, पर्सनल और फेस्टिव, **हाउसवेयर** किचन अप्लायंसेज, किचनवेयर, कुकवेयर, टेबलवेयर, बाथरूम, मेंटेनेंस, क्लीनिंग, स्टोरेज, आउटडोर **सर्विसेज**

### एक्सक्लूसिव लाभों का आनंद लें

- एचजीएच इंडिया २०२२ में निःशुल्क प्रवेश प्राप्त करें।
- प्री-रजिस्टर्ड विजिटर के रूप में कार्यक्रम स्थल पर अपना बैज प्राप्त करने के लिए समय बचाएँ। आप अपने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद, आपको भेजे गए प्री-रजिस्ट्रेशन क्यूआर कोड के साथ सीधे अपना बैज प्रिंट कर सकते हैं।
- एचजीएच इंडिया २०२२ कैटलॉग की एक मुफ्त कॉपी।
- असली विजिटर्स के लिए एचजीएच इंडिया के मानार्थ हॉट लाउंज, फ्रूट लाउंज, फुट स्पा लाउंज, विजिटर्स लाउंज, शटल बस सेवा और अन्य सुविधाओं का उपयोग।

इन लाभों को प्राप्त करने के लिए और स्पॉट रजिस्ट्रेशन शुल्क बचाने के लिए, आपको हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर ५ दिसंबर, २०२२ से पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।

### नि:शुल्क विजिटर रजिस्ट्रेशन गाइडलाइन्स

- नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। ऑनलाइन रजिस्टर्ड नहीं होने वाले सभी विजिटर्स को ट्रेड शो में प्रवेश के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन शुल्क ₹१,०००/- का भुगतान करना होगा।
- एक्जीबिटर्स या आयोजकों से प्राप्त कोई भी आमंत्रण कार्ड आपको ट्रेड शो स्थल पर मुफ्त स्पॉट रजिस्ट्रेशन के लिए अधिकृत नहीं करता है।
- ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि: ५ दिसंबर २०२२

### रेगुलर विजिटर के लिए ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन के साथ मुफ्त प्रवेश के चरण:

१. होम पेज पर 'विजिटर रजिस्ट्रेशन' पर क्लिक करें या www.hghindia.com पर विजिटर्स मेन्यू पर क्लिक करें।
२. अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी दर्ज करें।
३. 'ओटीपी भेजें' पर क्लिक करें
४. अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें।
५. आपका पहले से भरा हुआ फॉर्म खुल जाएगा। कृपया फॉर्म में विवरण की जांच करें (नाम, पता, टेलीफोन, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी।)
६. ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म को पूरा करें।
७. ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से अपना विजिटर रजिस्ट्रेशन नंबर और क्यूआर कोड प्राप्त करें, जो आपके रजिस्ट्रेशन की पुष्टि करता है।
८. ट्रेड शो में अपना रजिस्ट्रेशन नंबर या क्यूआर कोड अपने मोबाइल पर या एक प्रिंट फॉर्मेट में ले जाएँ।
९. अपना रजिस्ट्रेशन नंबर प्रस्तुत करें या अपना बैज प्रिंट करने के लिए एचजीएच इंडिया २०२२ के हॉल १ और हॉल ३ में प्री-रजिस्टर्ड विजिटर डेस्क पर अपना क्यूआर कोड स्कैन करें।

### नए विजिटर के लिए ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन के साथ मुफ्त प्रवेश के चरण:

१. होम पेज पर 'विजिटर रजिस्ट्रेशन' पर क्लिक करें या www.hghindia.com पर विजिटर्स मेन्यू पर क्लिक करें।
२. अपना मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी दर्ज करें और 'ओटीपी भेजें' पर क्लिक करें
३. 'यहां क्लिक करें' पर क्लिक करें क्योंकि आप नए विजिटर हैं
४. अपना मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी दर्ज करें और 'ओटीपी भेजें' पर क्लिक करें
५. अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें।
६. ऑनलाइन विजिटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म को पूरा करें।
७. ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से अपना विजिटर रजिस्ट्रेशन नंबर और क्यूआर कोड प्राप्त करें, जो आपके रजिस्ट्रेशन की पुष्टि करता है।
८. ट्रेड शो में अपना रजिस्ट्रेशन नंबर या क्यूआर कोड अपने मोबाइल पर या एक प्रिंट फॉर्मेट में ले जाएँ।
९. अपना रजिस्ट्रेशन नंबर प्रस्तुत करें या अपना बैज प्रिंट करने के लिए एचजीएच इंडिया २०२२ के हॉल १ और हॉल ३ में प्री-रजिस्टर्ड विजिटर डेस्क पर अपना क्यूआर कोड स्कैन करें।

### विशेष ध्यान देने योग्य बातें

१. एंट्री बैज एचजीएच इंडिया में मुफ्त प्रवेश के लिए आपका व्यक्तिगत अधिकार है और पूरी तरह से अहस्तांतरणीय है।
२. यदि आप पहले से ही पिछले वर्षों में एचजीएच इंडिया के साथ एक रजिस्टर्ड विजिटर हैं, तो कृपया आयोजकों से अपना रिफरेन्स नंबर प्राप्त करें और एचजीएच इंडिया २०२२ के लिए अपने रजिस्ट्रेशन को ऑनलाइन रीन्यू करने के लिए इसका उपयोग करें।
३. एचजीएच इंडिया २०२२ में मुफ्त प्रवेश के लिए, पिछले सभी विजिटर्स द्वारा रजिस्ट्रेशन का रीन्यूअल अनिवार्य है। यदि रीन्यूअल नहीं किया जाता है, तो १,०००/- रुपये का स्पॉट रजिस्ट्रेशन शुल्क देय होगा।
४. एचजीएच इंडिया विशुद्ध रूप से एक ट्रेड शो है। इसलिए कंज्यूमर्स का प्रवेश वर्जित है। कोई रिटेल खरीद की अनुमति नहीं है। रिटेल खरीदारी करते पाए जाने पर आपको विजिटर के रूप में अयोग्य ठहराया जा सकता है।
५. १५ वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रवेश की अनुमति नहीं है।
६. आयोजक अपने विवेक से किसी भी विजिटर को प्रवेश देने से मना करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

**अधिक सहायता और प्रश्नों के लिए, कृपया संपर्क करें**

श्री अमर शर्मा: +९१ ९९ ६७६ ००२८६ / श्री इलाका अंसारी: +९१ ९९ ३०१ ७२९७३ ईमेल: visitors@hghindia.com

**www.hghindia.com**

**रजिस्ट्रेशन के लिए: www.hghindia.com, मुंबई: दूरभाष: +९१ (२२) २४२१ ४१११, दिल्ली: दूरभाष: +९१ (११) २५७१ ४१११, इमेल: visitors@hghindia.com**